आनंदालय

सामयिक परीक्षा -3

कक्षा : छठी

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40

दिनांक : 07-01-2025 | समय :1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x7=7)

"प्रसन्नता तब होती है जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, सब एक साथ हों।" यह कथन महात्मा गांधी द्वारा कहा गया है । प्रसन्नता का अर्थ केवल किसी विशेष उपलब्धि या स्थिति तक पहुँचने में नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षण में आनंद का अनुभव करना है । यह विचार हमें सिखाता है कि प्रसन्नता कोई गंतव्य नहीं है जिसे प्राप्त किया जा सके, बल्कि यह एक जीवनशैली है । प्रसन्नता हमारे जीवन का मार्ग होती है और इसे एक अंतहीन खोज के रूप में नहीं देखना चाहिए। प्रसन्नता को अक्सर बाहरी कारकों, जैसे संपत्ति, सफलता और प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है । यह धारणा है कि जब हम इन चीजों को प्राप्त कर लेंगे, तभी हमें प्रसन्नता मिलेगी, किंतु यह विचार वास्तविकता से बहुत दूर है । प्रसन्नता बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक स्थिति है । यह हमारे मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है, न कि भौतिक उपलब्धियों पर । इसीलिए महात्मा गांधी और बुद्ध जैसे महान विचारकों ने भी प्रसन्नता के आंतरिक स्रोत पर बल दिया है । उन्होंने यह सिखाया कि वास्तविक प्रसन्नता केवल तब मिल सकती है जब हम अपने भीतर शांति और संतोष प्राप्त करें । वर्तमान युग में लोग धन, शक्ति और प्रतिष्ठा की अंधी दौड़ में लगे हुए हैं, प्रसन्नता की खोज और भी जटिल हो गई है । लोग सोचते हैं कि यदि वे अधिक धन अर्जित करेंगे, अधिक प्रसिद्धि प्राप्त करेंगे, तो वह प्रसन्नता को प्राप्त कर सकेंगे । यद्यपि यह मानसिकता उन्हें निरंतर असंतोष और तनाव की स्थिति में धकेलती है।

(i) प्रसन्नता क्या है ?

(क) एक अंतहीन खोज — (ख) एक जीवन शैली

(ग) एक गंतव्य — (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) प्रसन्नता को अक्सर किससे जोड़ा जाता है ?

(क) संपत्ति — (ख) प्रतिष्ठा

(ग) सफलता — (घ) ये सभी

(iii) 'धन', 'शक्ति' और 'प्रतिष्ठा' प्रसन्नता लाएगी- ऐसी सोच का क्या परिणाम होता है ?

(क) तनाव — (ख) असंतोष

(ग) क और ख दोनों — (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) महात्मा गांधी और बुद्ध प्रसन्नता के विषय में क्या सोचते थे ?

(v) वर्तमान युग में प्रसन्नता की खोज जटिल क्यों हो गयी है ?

## खंड- 'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) 'कठपुतली बनना' (मुहावरे से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए )

(ii) 'विदेश' (शब्द से उपसर्ग अलग कीजिए)

(iii) 'मुस्कराहट ' (शब्द से प्रत्यय अलग कीजिए)

(iv) विद्यार्थियों को रोज़ अखबार पढ़ना चाहिए । (रेखांकित क्रिया का भेद लिखिए)

(v) 'किसान ने दिन-रात परिश्रम कर अपनी फसल उगाई ।' (रेखांकित शब्द का कारक भेद लिखिए)

(vi) 'सब बच्चों ने तुरंत मोहल्ले की सफाई कर दी ।' (रेखांकित क्रिया-विशेषण का भेद बताइए)

(vii) 'सत्याग्रह' (शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए)

## खंड- 'ग'

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

जब तुम मेरे साथ होती हो तो अक्सर बहुत-सी बातें पूछा करती हो और मैं उन्हें बताने की कोशिश करता हूँ । लेकिन अब जब तुम मसूरी में हो और मैं इलाहाबाद में, हम दोनों ही उस तरह बातचीत नहीं कर सकते । इसलिए मैंने इरादा किया है कि कभी-कभी तुम्हें इस दुनिया की और उन छोटे-बड़े देशों की जो इस दुनिया में हैं, छोटी-छोटी कहानियाँ लिखा करूँ । तुमने हिंदुस्तान और इंग्लैंड का कुछ हाल इतिहास में पढ़ा है । लेकिन इंग्लैंड केवल एक छोटा सा टापू है और हिंदुस्तान, जो एक बहुत बड़ा देश है, फिर भी दुनिया का एक छोटा सा हिस्सा है ।

(i) गद्यांश में 'तुम' किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

(क) लेखक की पुत्री हेलेन के लिए (ख) लेखक की पुत्री इंदिरा के लिए

(ग) लेखक की माता के लिए (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) इस गद्यांश के लेखक हैं -

(क) हेलेन केलर (ख) इंदिरा गांधी

(ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) मुंशी प्रेमचंद

(iii) इंग्लैंड क्या है ?

(क) एक छोटा टापू (ख) एक बड़ा देश

(ग) इस दुनिया का बड़ा हिस्सा (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) गद्यांश का यह अंश किस विधा का एक भाग है ?

(क) लेखक द्वारा लिखी कहानियाँ (ख) लेखक द्वारा लिखे उपन्यास

(ग) लेखक द्वारा लिखे पत्र (घ) क और ख दोनों

4. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x3=3)

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुःख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल अपना रस्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना ।

(i) पद्यांश के कवि हैं -

(क) साहिर हरियानवी (ख) केदारनाथ अग्रवाल

(ग) साहिर पंजाबी (घ) साहिर लुधियानवी

(ii) 'लेख की रेखा' से क्या तात्पर्य है ?

(क) मेहनत (ख) हिम्मत (ग) किस्मत (घ) ये सभी

(iii) 'अपना दुःख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक' पंक्ति में किस भाव की ओर संकेत किया गया है ?

(क) एकता का भाव (ख) मेहनत का भाव

(ग) साहस का भाव (घ) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित चार में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) हेलेन केलर के अनुसार जीवन के इन्द्रधनुषी रंग देखने के लिए क्या आवश्यक है ?
(ii) इतिहास को लिखने या जानने के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए जाते हैं ?
(iii) क्या आपने अपनी आँखों के अलावा अन्य किसी इंद्रिय से किसी वस्तु की सुन्दरता का अनुभव किया है ? उदाहरण के साथ समझाकर लिखिए ।
(iv) बालिका की सदा छोटी बने रहने की इच्छा कहाँ तक उचित है ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

## खंड- 'घ'

6. (क) विद्यालय में होने वाले शोर के कारणों पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच हुए संवाद को 80-100 शब्दों में लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ख) त्योहार के दिनों में अपने परिवार के सदस्यों की दिनचर्या पर बातचीत करते हुए दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को 80-100 शब्दों में संवाद-शैली में लिखिए ।

7. (क) अपने विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव के विषय में बताते हुए अपने मित्र को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ख) आपके विद्यालय में शतरंज और विज्ञान आदि के क्लब (संघ) शुरू करवाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को धन्यवाद देते हुए लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।